# कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा

## सत्रांत परीक्षा, सत्र- 2025-26

### कक्षा: 8 , विषय: हिंदी

### भाग-2 (साहित्य एवं लेखन),सेट- 'बी'

**दिन व दिनांक: शुक्रवार- फरवरी 27, 2026**

**अधिकतम अंक: 40** **समय सीमा: 2 घंटे**

**नाम: ________________** **अनुक्रमांक: ________**

---

***<u>सामान्य निर्देश -</u>***

*i) इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 तथा कुल 6 प्रश्न हैं |*

*ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं-खंड क-'साहित्य' तथा खंड - ख 'लेखन'*

*iii) प्रश्न-1 के लिए 6 अंक जिसमें 6 उपप्रश्न हैं, प्रश्न-2 -10 अंक - 6 उपप्रश्न ,प्रश्न-3 के लिए 9 अंक - 4 उपप्रश्न तथा प्रश्न 4 , 5, 6 के लिए 5-5 अंक निर्धारित हैं |*

*iv) सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |*

*v) उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए|*

**खंड 'क' <u>साहित्य</u>** **(25अंक)**

**प्रश्न1) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- (2.5×4=10)**

i) तैं ही पूत अनोखौ जायौ" पंक्ति में ग्वालन के मन के कौन से भाव मुखरित हो रहे हैं? पाठ 'सूर के पद' के आधार पर उत्तर दीजिए| **(2.5)**

ii) पाठ 'बाज़ और साँप' में साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था। फिर उसने उड़ने की कोशिश क्यों की? **(2.5)**

iii) बालक कृष्ण अपनी चोटी को लेकर माँ यशोदा से क्या-क्या शिकायतें करते हैं? इन शिकायतों से उनके स्वभाव की कौन-सी विशेषताएँ प्रकट होती हैं? **(2.5)**

iv) भगवान के डाकिए दवारा लाई चिट्ठियों को पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ पढ़ पाते हैं, हम मनुष्य क्यों नहीं पढ़ पाते? कारण बताइए | **(2.5)**

v) पाठ - 'जहाँ पहिया है' में पुड्डुकोटई की महिलाओं के लिए साइकिल चलाना इतना महत्त्वपूर्ण क्यों था? स्पष्ट कीजिए | **(2.5)**

vi) पाठ 'बाज़ और साँप' में लहरों ने किसके लिए गीत गाया और क्यों? (2.5)

**प्रश्न2) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए-** **(3×3=9)**

i) कहानी में बाज़ और साँप के स्वभाव में क्या अंतर दिखाया गया है? इस अंतर से हमें जीवन के बारे में क्या सीख मिलती है? **(3)**

ii) जीवन में मस्ती और आनंद आवश्यक हैं, परंतु जब मस्ती अपनी सीमा लाँघ देती है, तब वह हानिकारक बन सकती है| कब और कैसे? अपने विचारों को स्पष्ट कर लिखिए| **(3)**

iii) यदि कविता 'भगवान के डाकिए' का संदेश लोग अपने जीवन में अपनाएँ, तो समाज और आपसी संबंधों में कौन-कौन से अच्छे परिवर्तन आ सकते हैं? अपने विचार लिखिए। **(3)**

iv) जहाँ पहिया है" पाठ यह स्पष्ट करता है कि तकनीक और साधारण साधनों का सही उपयोग समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। पाठ के आधार पर बताइए कि साइकिल महिलाओं के जीवन में किस प्रकार स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और समानता का प्रतीक बनी। **(3)**

**प्रश्न3) दिए गए पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखें -** **(1×6=6)**

लाला झाऊलाल ने देखा कि इस भीड़ में प्रधान पात्र एक अंग्रेज़ है जो नखशिख से भीगा हुआ है और जो अपने एक पैर को हाथ से सहलाता हुआ दूसरे पैर पर नाच रहा है। उसी के पास अपराधी लोटे को भी देखकर लाला झाऊलाल जी ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया। गिरने के पूर्व लोटा एक दुकान के सायबान से टकराया। वहाँ टकराकर उस दुकान पर खड़े उस अंग्रेज को उसने सांगोपांग स्नान कराया और फिर उसी के बूट पर आ गिरा। उस अंग्रेज़ को जब मालूम हुआ कि लाला झाऊलाल ही उस लोटे के मालिक हैं तब उसने केवल एक काम किया। अपने मुँह को खोलकर खुला छोड़ दिया। लाला झाऊलाल को आज ही यह मालूम हुआ कि अंग्रेज़ी भाषा में गालियों का ऐसा प्रकांड कोष है। इसी समय पं॰ बिलवासी मिश्र भीड़ को चीरते हुए आँगन में आते दिखाई पड़े। उन्होंने आते ही पहला काम यह किया कि उस अंग्रेज़ को छोड़कर और जितने आदमी आँगन में घुस आए थे सबको बाहर निकाल दिया। फिर आँगन में

कुर्सी रखकर उन्होंने साहब से कहा- “आपके पैर में शायद कुछ चोट आ गई है। अब आप आराम से कुर्सी पर बैठ जाइए।”

i) **दिए गए विकल्पों से उपर्युक्त गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम चुनें -** **(1)**

(क) ‘अकबरी लोटा’ प्रेमचंद

(ख) साँप और बाज़ निर्मल वर्मा

(ग) जहाँ पहिया है पालगम्मी साईनाथ

(घ) ‘अकबरी लोटा’ अन्नपूर्णानंद वर्मा

ii) **अंग्रेज़ अपने एक पैर को हाथ से सहलाता हुआ दूसरे पैर पर नाच रहा था क्योंकि** **(1)**

(क) उसके पैर पर गरम पानी गिर गया था

(ख) बिलवासी जी ने उसे नाचने के लिए कहा था

(ग) एक राहगीर ने उसके पैर पर अपना पैर रख दिया था

(घ) झाऊलाल जी के हाथ से गिरे लोटे ने उसके पैर को ज़ख्मी कर दिया

iii) **झाऊलाल ने देखा कि इस भीड़ में प्रधान पात्र ______है।** **(1)**

(क) एक अंग्रेज़

(ख) बिलवासी

(ग) एक ड्राइवर

(घ) एक दुकानदार

iv) **बिलवासी जी ने अंग्रेज को कुर्सी पर बैठने को क्यों कहा?** **(1)**

(क) गुस्सा शांत करने के लिए

(ख) चोट लगने के कारण

(ग) बडे साहब होने के कारण

(घ) विकल्प क और ख दोनों सही हैं

v) **पं० बिलवासी मिश्र द्वारा भीड़ को बाहर निकालने के माध्यम से लेखक कौन-सा सामाजिक संदेश देता है?** **(1)**

(क) अंग्रेजों से दूरी बनाए रखना चाहिए

(ख) संकट में विवेक और अनुशासन आवश्यक है

(ग) भीड़ हमेशा समस्या उत्पन्न करती है

(घ) शक्ति के सामने झुक जाना चाहिए

vi) **नीचे दिए गए कथन - कारण के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए -** **(1)**

- **कथन -** अंग्रेज़ का क्रोध केवल शारीरिक चोट के कारण नहीं था।
- **कारण** - अपमान और अचानक हुई घटना ने उसे मानसिक रूप से विचलित कर दिया था।

(क) कथन और कारण दोनों गलत हैं |

(ख) कथन गलत है लेकिन कारण सही हैं|

(ग) कथन सत्य है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है|

(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है

## खंड - ख 'लेखन' (15अंक)

**प्रश्न4) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 - 100 शब्दों की एक लघु कथा अथवा आत्मकथा लिखिए-** **(5)**

**'रिश्तों की कीमत'** शीर्षक से एक लघु कथा लिखिए-

**अथवा**

**'पतंग'** की आत्मकथा लिखें -

**प्रश्न5) दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर आकर्षक विज्ञापन बनाइए -** **(5)**

आयुर्वेदिक टूथपेस्ट

**अथवा**

स्मार्ट वॉच

**प्रश्न6) निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर 10 -12 संवाद लिखिए-** **(5)**

- अध्यापिका तथा गृहकार्य न करके लाए छात्र की बातचीत

**अथवा**

- 'जल संरक्षण' पर दो छात्रों के बीच बातचीत